Reg. No. MAHHIN / 2008 / 26222

ISSN-2250-2335

समीचीन

(साहित्य-समाज-संस्कृति और राजनीति के खुले मंच की अर्द्ध वार्षिक-अव्यावसायिक पत्रिका)

पीयर रिव्यूड व यू. जी. सी. केयर लिस्ट में सम्मिलित जर्नल

शोध - मीमांसा अंक

32

• वर्ष-15 • अंक 32 • जुलाई - सितंबर 2022 • पूर्णांक 70 • मूल्य 100 रुपए

• प्रधान संपादक - देवेश ठाकुर • संपादक - डॉ. सतीश पांडेय

ISSN-2250-2335 Reg. No. MAHHIN / 2008 /26222

समीचीन

(साहित्य-समाज-संस्कृति और राजनीति के खुले मंच की त्रैमासिक-अव्यावसायिक पत्रिका)

पीअर रिव्यूड व यू. जी. सी. केयर लिस्ट में सम्मिलित जर्नल

प्रबंध संपादिका :
डॉ. रोहिणी शिवबालन
प्रधान संपादक-प्रकाशक :
डॉ. देवेश ठाकुर
संपादक :
डॉ. सतीश पांडेय
संयुक्त संपादक :
डॉ. प्रवीण चंद्र बिष्ट
डिजिटल संपादक :
डॉ. मनीष कुमार मिश्रा

संपादकीय-संपर्क :
बी-23, हिमालय सोसाइटी, असल्फा,
घाटकोपर (प.), मुंबई-400 084.
टेलिफोन : 25161446
Email: sameecheen@gmail.com
website-www.http//:
sameecheen.com

विशेष :
'समीचीन' में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचार संबद्ध रचनाकारों के हैं। संपादक-प्रकाशक की उनसे सहमति आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का न्याय-क्षेत्र मात्र मुंबई होगा। सभी पदाधिकारी पूर्णरूप से अवैतनिक।

परीक्षक विद्वत मंडल : (Peer Review Team)

1) डॉ. राम प्रसाद भट्ट
भारत-विद्या विभाग,
हैम्बर्ग विश्वविद्यालय, हैम्बर्ग, जर्मनी

2) प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र चौबे
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

3) प्रो. (डॉ.) वशिष्ठ अनूप
हिन्दी विभाग, काशी हिंदू विवि., वाराणसी, (उ. प्र.)

4) डॉ. नरेन्द्र मिश्र
प्रो. हिंदी, मानविकी विद्यापीठ, इग्नू मैदानगढ़ी, दिल्ली 110068

5) प्रो. (डॉ.) करुणाशंकर उपाध्याय
प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई

6) प्रो. (डॉ.) अनिल सिंह
अध्यक्ष, हिन्दी अध्ययन मंडल, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई

7) प्रो. (डॉ.) सदानंद भोसले
प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, सवित्रीबाई फुले पुणे विद्यापीठ, पुणे

8) प्रो. (डॉ.) शरेशचंद्र चुलकीमठ
पूर्व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़

9) डॉ. अरुणा दुबलिश
पूर्व प्राचार्य, कनोहरलाल महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ (उ. प्र.)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक : देवेश ठाकुर ने प्रिंटोग्राफी सिस्टम (इंडिया) प्रा. लि., 13/डी, कुर्ला इंडस्ट्रियल एस्टेट, नारी सेवा सदन रोड, नारायण नगर, घाटकोपर (प.) मुंबई-400 086 में छपवाकर बी-23, हिमालय सोसाइटी, असल्फा, घाटकोपर (प.), मुंबई-400084 से प्रकाशित किया।

• वर्ष-15 • अंक 32 • जुलाई-सितंबर-2022 • पूर्णांक 70 • मूल्य 100 रुपए

सहयोग : एक प्रति रु. 100/-, वार्षिक रु. 400/-, पंच वार्षिक रु. 2000/-

सीधे समीचीन के खाते में भेजने के लिए : खाताधारक का नाम : समीचीन / sameecheen
A/C No. 60330431138, Bank of Maharashtra,
Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai. IFSC : MAHB0000045

17. दलित उपन्यासों में अतीत तथा समाजबोध - डॉ. मो. माजिद मियाँ 100-105
18. ध्रुवस्वामिनी में स्त्री-विमर्श - डॉ. ऐश्वर्या झा 106-111
19. पलायित श्रमिक वर्ग की अंतहीन पीड़ा और हिन्दी उपन्यास
- ओम प्रकाश 112-118
20. प्रयोगवाद के विविध वैचारिक स्वरूप की पृष्ठभूमि एवं परम्परा
- मनीष कुमार सिंह 119-122
21. इतिहास तिमिरनाशक में वैचारिकता - संजय कुमार 123-129
22. समकालीन हिन्दी कविता में अभिव्यक्त पीढ़ियों का अन्तर्विरोध
- डॉ. अखिल चन्द्र कलिता 130-135
23. सुधा ओम ढींगरा के कहानी संग्रह 'खिड़कियों से झाँकती आँखें' में संवेदना एवं मूल्य विघटन - योगेन्द्र सिंह (शोधार्थी),
- प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी 136-142
24. समकालीन कविता का पर्यावरणीय संदर्भ
- डॉ. ऋषिकेश मिश्र 143-150
25. अज्ञेय की कथेतर रचनाओं में साहित्य चिंतन के तत्व
- कृष्ण कुमार साह 151-155
26. योग का विकास-एक भू-सांस्कृतिक दृष्टिकोण
- डॉ. चिन्ताहरण बेताल 156-163
27. ऑडियो विजुअल अनुवाद में रोजगार की नई संभावनाएँ
- नरेंद्र सिंह 164-170
28. झारखण्ड के आदिवासी समाज के मुद्दे और उनके समाधान में मीडिया की भूमिका - पंकज कुमार सहनी, शोधार्थी,
- प्रभात कुमार, शोधार्थी 171-178
29. प्राकृतिक संवेदना और नंदकिशोर आचार्य का काव्य
- डॉ. मुकेश कुमार शर्मा 179-187
30. देवनागरी लिपि को रोमन लिपि से मिलती चुनौतियाँ
- गजानन सुरेश वानखेडे 188-193
31. विजय कुमार संदेश की कविताओं में जीवन-विस्तार
- डॉ. अनिल कुमार सिंह 194-201

विजय कुमार संदेश के कविताओं में जीवन-विस्तार

डॉ. अनिल कुमार सिंह

पिछले एक दशक में हिंदी के उभरते हुए कवियों में विजय कुमार संदेश का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। उनके दो काव्य संग्रह अंधेरे के विरुद्ध घोष और उजाले की ओर प्रकाशित हो चुके हैं। अंधेरे के विरुद्ध घोष संग्रह की कविताएँ जीवन के विभिन्न रूपों को प्रस्तुत करती हुई आशा के नए स्वरों को गुंजायमान करती दिखाई देती हैं। इन कविताओं में विद्रोह है, आशाएँ हैं, जीवन को नई दिशाएँ देने का संकल्प है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह कविताएँ आज के संघर्षशील समय में व्यक्ति को नए सिरे से उठ खड़े होने की प्रेरणा देने वाली हैं। इस संग्रह की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि इन कविताओं को पढ़कर पाठक जीवन के प्रति रागात्मक भाव से भर उठता है। जीवन में उसे कई विपरीत स्थितियों के होने के बावजूद जीने की संभावनाएँ नजर आती हैं और जीवन को डटकर जीने की प्रेरणा हासिल होती है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज का जीवन अत्यंत जटिल है। आज का मनुष्य विभिन्न प्रकार की जटिलताओं में सांस ले रहा है। बिल्कुल अलग तरह की सामाजिक, राजनीतिक प्रतिबद्धताएँ उसके सामने मुंह बाए खड़ी हैं। तकनीकी ने उसके जीवन को अत्यंत गतिमान बना दिया है और इस गति का मुकाबला करते-करते कई बार वह निराशा के और सफलताओं-असफलताओं के झंझावात में फँस जाता है और उसके भीतर गहरी निराशा पनपने लगती है। बढ़ते बढ़ते यह निराशा उसे जीवन राग से कहीं दूर ले जाती है। ऐसे में बड़ा जरूरी हो जाता है कि जीवन के सही संदर्भों से उसका परिचय कराया जाए और इन विपरीत परिस्थितियों से निकलने की प्रेरणा देने का काम किया जाए, जिसे विजय संदेश बखूबी निभाते हैं। उनकी इस संग्रह की कविताओं में आशा के दीप्त स्वर जगह-जगह भरे हुए मिलते हैं। आज के संदर्भों को लेकर उनके मन में कहीं कोई दुविधा नहीं है। इन सभी को समझते हुए जीवन में जिए गए बेहद संतुलित दृष्टिकोण का संदेश देते हुए वे कहते हैं कि -

श्रम और शक्ति का सही संतुलन / विकास का शिखर पथ है
बुद्धि और विवेक का सही संतुलन / ज्ञान का शिखर पथ है
धर्म और न्याय का सही संतुलन / चेतना का शिखर पथ है
प्रकृति और प्रगति का सही संतुलन / पर्यावरण का शिखर पथ है[1]

यही पथ जब भ्रष्ट होता है तो वैश्विक जीवन में विसंगतियां पैदा होती हैं। ऐसी कविताओं में कवि की दृष्टि संपूर्ण मानवता को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ती है। वे किसी वर्ग, किसी जाति या किसी धर्म की बात नहीं करते बल्कि संपूर्ण मानवता केंद्र में होती है। उपर्युक्त इन्हीं संतुलनों के कारण सृष्टि का विकास क्रम सकारात्मक था परंतु इस संतुलन को बिगाड़ने के कारण सारी

समस्याएं पैदा हुई हैं। इन चंद पंक्तियों में कवि ने संपूर्ण विश्व की व्यथाओं का सारांश स्पष्ट कर दिया है। साहित्यकार सदा आशावादी होता है। साहित्य का धर्म ही है, समाज में आशा के दीपक को जलाए रखना और इसी आशा के साथ पुनः कवि कहता है -

हमने दैव-दुर्योग किन्हीं क्षणों में / यह संतुलन खोया है
परिणामस्वरूप आंसुओं की धार / सदियों रोया है
वह समय आ गया अब पास है / न हम खोएंगे न रोएंगे
भावी संततियों के लिए हर हाल में / संतुलन बनाएंगे।[2]

भारतीय संस्कृति में प्रकृति का साहित्यिक-सांस्कृतिक मान्यताओं और आम जीवन में अहम स्थान रहा है। भारतीयों का जीवन पूरी तरह से प्रकृति पर निर्भर रहा है और यहाँ मनुष्य के विकास के साथ जिस विज्ञान को विकसित किया गया, वह प्रकृति के अनुसार ही विकसित हुआ। उस समय के मनुष्य की किसी भी क्रिया या गतिविधि का पहला मानदंड यह होता था कि इसका प्रकृति पर क्या प्रभाव - दुष्प्रभाव पड़ेगा। उस अनुसार ही वह नए उपादानों को अपने जीवन का अंग बनाते थे। कवि विजय संदेश भी भारतीय परंपरा की इस प्रवृत्ति को जानते हैं और इसके महत्व से भलीभांति परिचित हैं। स्वयं उनका जीवन झारखंड की सुरम्य धरती पर बीता है और प्रकृति के प्रति एक अजनबी आकर्षण लगातार वे भी महसूस करते हैं।

प्रकृति के प्रति कवि की दृष्टि अत्यंत संवेदनामय है। प्रकृति को वे जीवनदायी शक्ति के रूप में देखते हैं। मनुष्य का सारा जीवन प्रकृति पर ही निर्भर है। इसीलिए प्रकृति के प्रति कवि के हृदय में अत्यधिक स्नेह का भाव है। प्रकृति ही है, जिसने मनुष्य को पहली बार व्यवस्थित होने का एहसास दिया। इसी एहसास को व्यक्त करते हुए संवेदनशील ढंग से कवि लिखता है-

जंगलों के घने पेड़ों से / चट्टानों पर उगे पेड़ों से
कंदराओं - गुफाओं से लगे पेड़ों से / उसे मिलती थी छाँह, प्राणवायु
ज्वर-पीड़ित होने पर / लघु पौधों से मिलती थी महौषधि
क्षुधा की होने पर अनुभूति / मिलते थे मीठे रसीले फूल- फल अमृत-सत्व
शाखा और पत्तों को कर एकत्र / पहली बार बनाया था उसने पर्ण रचित घर
पहली बार लगा उसे, यह है मेरा घर।[3]

मनुष्य और प्रकृति के सहज रिश्ते को कवि ने प्रकृति और मनुष्य कविता में अत्यंत संवेदनापूर्ण ढंग से चिन्हित किया है। यह कविता प्रकृति के प्रति उनके अगाध लगाव और समर्पण को अभिव्यक्त करती है। विजय संदेश मानवीय मूल्य और मनुष्य की अदम्य शक्ति पर विश्वास करने वाले कवि हैं। उनकी कविता में जीवन की अलग-अलग स्थितियों से संघर्ष करने का भावात्मक संदेश विद्यमान है। यह सकारात्मकता उनकी कविताओं को एक नया स्वर प्रदान करती है।

आरंभिक संघर्ष प्राकृतिक कठिनाइयों से विजय पाने के संघर्ष में किसी भी प्रकार की अमानवीय या शोषणकारी परिस्थितियाँ नहीं थीं। सभी मनुष्य किसी भी संकट को एक समान रूप से ग्रहण करते थे और उस संकट के विरुद्ध एक साथ ही संघर्ष का बिगुल भी बजाते थे। परंतु सभ्यता जैसे-जैसे विकास के लिए आगे बढ़ी, वैसे-वैसे मनुष्य में बेईमानी और शोषणकारी प्रवृत्तियों का भी जन्म हुआ। यहीं से सारी विसंगति शुरू हुई और जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मनुष्य ने समाज का निर्माण किया था, वे धीरे-धीरे खंडित होने लगे। समाज में कई प्रकार के वर्गों का निर्माण हुआ, जातियाँ चलन में आयीं। धर्म का विकास मानव जीवन के आध्यात्मिक उत्थान के लिए किया गया था परंतु इतिहास गवाह है कि इसका दुरुपयोग दीन-दुखी और कमजोरों के शोषण में किया जाने लगा। यह अत्यंत त्रासद स्थिति थी। कवि विजय संदेश इन विभिन्न स्थितियों के प्रति लड़ने का, संघर्ष करने का अद्भुत संदेश देते दिखाई देते हैं-

यही प्रकृति का नियम है / यही प्रकृति का विधान है /प्रकृति छाँटती है उसे /
जो महा अयोग्य है, / संघर्ष कराकर, वही / बनाती योग्य है।
योग्य जन जीता है / यही बाइबिल, यही कुरान / और यही गीता है।[4]

संपूर्ण प्रकृति और उसके विभिन्न उपादानों से कवि का गजब का जुड़ाव है। कवि प्रतीक रूप में उन्हें अपनी कविता में सम्मिलित करके मनुष्य को संघर्ष की अद्भुत प्रेरणा देता है। उसके लिए यह संघर्ष एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। उसके अनुसार यह संघर्ष एक दिये की तरह होना चाहिए जो सूर्य के सामने भी पूरी शक्ति से अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीप्ति देने का प्रयास करता रहे और उसकी यह सामर्थ्य देखकर सूर्य भी चकित हो जाए -

चकित सूर्य / देखकर अदम्य साहस / शौर्य उसका /उसने लघुकाय दीये /
दिया अभय वरदान / कि जब तक धरती है / हवा है, जीवन है /ग्रह, नक्षत्र, चंद्र और तारे हैं/
तुम मेरे सह-यात्री बने रहोगे / करते रहोगे युद्ध / अंधेरे के विरुद्ध।[5]

जीवन के अंधेरों के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देने वाली ये पंक्तियाँ कवि के अदम्य संघर्ष और आशावाद को सूचित करती हैं। सूर्य को वे पुनर्जागरण के प्रतीक की तरह प्रयोग में लाते हैं। संघर्ष का अर्थ है - लड़ना - मरना और फिर उठ खड़े होना। यह संघर्ष अनवरत चलने वाला संघर्ष है। एक-दो पराजय से हमें थम नहीं जाना चाहिए। थमना मृत्यु से भी कहीं ज्यादा भयंकर है। यथास्थिति को स्वीकार कर लेना अत्यंत त्रासद है। अतः कवि का मंतव्य है कि स्थिति को बदलने का प्रयास करने के लिए लगातार संघर्ष चेतना का बने रहना और उस अनुरूप संघर्षों से गुजरना एक उदात्त प्रक्रिया है। एक अन्य कविता नया सवेरा में वे अपने आशावादी स्वर के अनुरूप सूर्य के माध्यम से संघर्षशील समाज के पुनः उठ खड़े होने और अपने संघर्ष को फलीभूत करने के प्रति अभिव्यक्त करते हैं -

कि तुम कल फिर आओगे लौटकर / हर अंधेरे के विरुद्ध

नई ऊर्जा, नई रोशनी / औ नया सवेरा लेकर।[6]

कवि अपने भावात्मक संदेशों के पीछे छिपी हुई निर्मम सच्चाई को भलीभाँति जानता है। शोषण जैसी प्रवृत्तियों का अंत करने वाले संघर्ष बलिदान और त्याग की अपेक्षा रखते हैं। हजारों वर्षों की दुष्ट प्रवृत्तियों और कुप्रथाओं को मिटा पाना इतना आसान नहीं है परंतु चुप बैठना भी उपयुक्त नहीं है। दुनिया के हर कोने में संघर्ष का यह स्वर किसी न किसी रूप में विद्यमान रहा है। यह संघर्ष उनकी लोक कथाओं और साहित्यिक परंपराओं में हमें स्पष्ट रूप से देखने को मिल जाता है। हर युग में न्याय और अन्याय का संघर्ष विद्यमान रहा है, और इतिहास गवाह है कि अन्याय सदा विजयी रहा है। इसीलिए कवि की आस्था न्याय की विजय पर है। इसके लिए वह धैर्य की अत्यंत आवश्यकता अनुभव करता है -

हर कदम के बढ़ जाने के साथ / लक्ष्य निरंतर करीब होगा, /थोड़े ही अंतराल में एक /
बड़ा-सा कारवां तुम्हारे साथ होगा, / उदीयमान सूरज की तरह / अपना प्रकाश स्वयं बनो,
धकेल कर हाशिए में अंधेरे को / दूसरों के लिए ज्योति-पुंज बनो।[7]

कवि उन सवालों से जूझता भी दिखाई देता है जो हमेशा से प्रासंगिक रहे हैं। जाति, धर्म, नस्ल आदि के भेदभाव मनुष्य के पैदा किए हुए हैं। प्रकृति ने तो सबको समान बनाया है। अपने संसाधनों को समान रूप से सबको दिया है। पर मनुष्य ने इन्हें अपनी कुत्सित आकांक्षाओं के लिए कब्जे में कर लिया है। कुछ लोगों को शोषितों में परिवर्तित कर दिया है और उनके हिस्से की धूप, हवा, जमीन सब कुछ पर कब्जा कर लिया है। कवि के सामने यह सभी सवाल उभरते हैं और वह कहता है -

एक सूरज, एक धरती / धरती घिरी क्षितिज से / क्षितिज से घिरी धरती में /
वही हवा है, वही प्रकाश है / वही आकाश है / वही ऋतु है, वही मौसम है
वही गंध है, वही सुवास है। / फिर क्यों धरती पर फर्क है /आदमी और आदमी में /
भेद है धर्म में, कर्म में / नस्ल में, जाति में / विभेद है।[8]

यह धरती हमेशा ऐसे ही काले बादलों से घिरी रही है। ऐसे ही आग की लपटों से घिरी रही है। हजारों वर्षों का इतिहास इस बात का गवाह है। कवि ने इतिहास के पन्नों को उलट कर इन सभी का जैसे मूल्यांकन किया है। कवि में इन सभी समस्याओं के प्रति एक गहरी इतिहास चेतना मौजूद है। उसका अध्ययन इनकी जड़ों पर प्रहार करने के लिए है। इन्हीं सामाजिक विभेदों के प्रति कवि ने इतिहास दृष्टि के अनुसार विचार किया है। वह कहता है -

इतिहास ने कहा - / मैंने देखी है सदियाँ / उथल-पुथल धरती की /
खिलती कलियाँ, मुरझाती कलियाँ अनुभव मेरा कहता हूँ तुमसे /
कि संघर्ष है भले ही वर्तमान तुम्हारा / पर उज्जवल है भविष्य तुम्हारा /
स्वाभिमान संचित पूँजी है / बीता कल थाती है।[9]

प्रकृति में सबकुछ बराबर से उपस्थित है। मनुष्य यदि उसका उपभोग विवेकपूर्ण ढंग से करे तो कोई भी समस्या आड़े नहीं आने वाली है। परंतु मनुष्य अत्यंत महत्वाकांक्षी प्राणी है। इसी के चलते उसने शोषण के विभिन्न तरीकों को ईजाद किया है। जातिवाद, धर्म आदि इसी प्रकार के उपकरण है, जिनका सहारा लेकर हजारों वर्षों से आबादी का एक छोटा सा हिस्सा आबादी के बड़े हिस्से को नियंत्रित कर रहा है। क्रूरता और शक्ति उसके अस्त्र हैं। जाति, वर्ण और धर्म के बंधन में बाँधकर उसने एक बड़ी आबादी को जैसे मानसिक रूप से इसलिए तैयार कर दिया है कि वह यथास्थिति को अपनी नियति मानकर जिये। कभी विद्रोह या अपनी नियति को बदलने का प्रयास भी न करे। परंतु यह छल बहुत समय तक चलने वाला नहीं है। जिस दिन शोषित वर्ग की चेतना जागेगी, उसका अंत निश्चित है। मनुष्य ने अपनी निहित बुराइयों के चलते न तो समाज को और न ही प्रकृति को स्वस्थ बनाए रखा। उसकी इन्हीं क्रूरताओं का संकेत करते हुए कवि कहता है -

सृष्टि के नियमों का / जब-जब बेजा इस्तेमाल हुआ / प्रगति विकास के नाम पर /
शोषण-दोहन का जब-जब / नया इतिहास बना, तब तब /
रौद्र हुई सृष्टि, उसकी भौहें तनी / कहीं धरती हिली / कहीं भूडोल हुआ /
तो कहीं पहाड़ की छाती फटी / कहीं पर्वत धराशायी हुए।[10]

आधुनिक सभ्यता के लिए विज्ञान को वरदान की तरह माना जाता है लेकिन जब यह विज्ञान संवेदना रहित हो जाता है, तो वह ध्वंसकारी बन जाता है। ज्ञान तो ज्ञान है, जैसे हाथों में पड़ेगा, परिणाम वैसे ही देगा। कल्याणकारी हाथों में पढ़ता तो सृष्टि का कल्याण होता परंतु ध्वंसकारी हाथों में पड़ गया तो आज पूरी सृष्टि परमाणु बमों के ऊपर बैठी दिखाई दे रही है। एक भी विस्फोट पूरी सृष्टि को, पूरी धरा को छिन्न-भिन्न करके रख देगा। इस जगह पर कवि कविता के महत्व को स्थापित करते हुए संवेदनशील बनाने की उसकी भूमिका को सराहते हुए दिखाई देता है। सचमुच बिना संवेदनशीलता के विज्ञान का उतना महत्व नहीं है। और यह संवेदनशीलता कविता के माध्यम से भलीभाँति पोषित होती है। कवि कहता है -

कविता केवल कुछ वर्णों की संगति नहीं / यह जीवन शैली है विवेक की
कविता केवल शब्दों की झंकृति नहीं / मधुर जीवन संगीत है यह मंन की
विज्ञान और कविता, कविता और विज्ञान / दोनों जरूरी है, गति-अगति के लिए
मनुष्य के मानसिक-आत्मिक विकास के लिए।[11]

इस संग्रह में कुछ कविताएँ डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, श्योराज सिंह बेचैन और नेल्सन मंडेला जैसे व्यक्तित्व पर लिखी गयी हैं, जिससे उनकी वैचारिक आस्थाओं का भी पता चलता है। ऐसे संघर्षशील महामूर्तियों का समाज के लिए महत्व, और मनुष्यता के लिए उनके योगदानों को सदा याद रखना चाहिए, ऐसी कवि की धारणा है। ये व्यक्तित्व अपने संघर्षशील जीवन के

लिए जाने जाते रहे हैं। उन्होंने अपने लिए नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए अपने को समर्पित कर दिया। उनका जीवन एक दीये की भाँति आरंभ हुआ था परंतु अपनी संघर्ष चेतना के कारण वे जीवन के अंत में एक विशाल सूर्य में परिवर्तित हो गए। डॉ. अंबेडकर के प्रति अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए वे कहते हैं -

न्यायशास्त्र के तुम रथी / दर्शन में तुम-सा कोई नहीं।
तुम क्रांतिवीर, तुम कर्मवीर / धरती पर तुम-सा कोई नहीं /
आसमां का एक सितारा तुम्हारे नाम होगा / धरती का भूगोल - इतिहास साथ होगा
छेड़ी है जो जंग, मुक्ति की खातिर / सारे जहां का हाथ तुम्हारे हाथ होगा।[12]

हिंदी में दलित विमर्श करने वाले कई ऐसे साहित्यकार हुए जिन्होंने निम्न वर्ग से निकलकर अपने लिए जीवन की राहों का स्वयं निर्माण किया। वे विपरीत दिशा में बहने का प्रयास करते रहे और अंततः कामयाब हुए। उनके शत्रु भी मन के किसी कोने में उनके इस संघर्ष को सराहते हैं। ऐसे साहित्यकारों का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है। इसी तरह के एक साहित्यकार श्योराज सिंह बेचैन भी हैं, जिनसे कवि बेहद निकटता महसूस करते हैं और निकटता के साथ-साथ प्रेरणा भी पाते हैं। अपने इस संग्रह में उन्होंने उनको समर्पित एक कविता लिखी है। उनके जीवन संघर्ष को अभिव्यक्त करते हुए विजय संदेश कहते हैं कि -

कैसे बिना माली की सुरक्षा-संरक्षा के / आंधी लू शीत ताप और बारिश की मार को
वह सहता हुआ, झेलता हुआ / पहुंच पाया यहां तक
उस छायादार वृक्ष में, एक आत्मविश्वास की छाया है
लिखने को इतिहास, खुद चल कर आया है।[13]

दुनिया में बहुत सारे महान व्यक्तित्व इस तरह के भी रहे हैं, जिन्होंने भले ही साहित्य- सृजन के क्षेत्र में विशेष ख्याति अर्जित नहीं की परंतु उनका जीवन ही उनका साहित्य है और बेहद प्रेरणादायी भी। ऐसे महान व्यक्तित्व तमाम विसंगतियों के प्रति अपना संघर्ष और विद्रोह दर्ज कराते रहे हैं। दुनिया को खूबसूरत बनाने के लिए इन सभी ने अपना जीवन दाँव पर लगा दिया है। उनका जीवन कठिन संघर्षों से तपकर सोना बना है। ऐसे ही एक व्यक्तित्व नेल्सन मंडेला भी हैं। दक्षिण अफ्रीका में अपने महान संघर्ष के लिए विख्यात डॉ. नेलसन मंडेला की मृत्यु पर श्रद्धांजलि देते हुए कवि उनके संघर्ष को याद करते हुए कहता है -

उस अफ्रीकी जेल का बंदी नंबर 46664 ने कहा था
कहा था नहीं, सिंहनाद किया था मनुष्य की आजादी और रंगभेद के खात्मे की खातिर
मैं दुर्वह से दुर्वह कुर्बानी देना चाहता हूँ / संघर्ष और शांति मेरे दो लक्ष्य हैं
लोकतांत्रिक समाज की परिकल्पना मेरा आदर्श है।[14]

विजय संदेश को हिंदी भाषा और साहित्य से गहरा प्रेम रहा है। हिंदी उनके लिए माँ के समान है। यद्यपि ब्रिटिश शासन में एक अजीब सा श्रेष्ठता बोध अंग्रेजी को लेकर भारतीय जनमानस में पैदा हो गया था। इसी के चलते वह अपनी भाषा को हेय दृष्टि से देखने लगा। बुद्धिजीवी वर्ग ने इस प्रवृत्ति को काफी हद तक प्रश्रय दिया परंतु यह धारणा धीरे-धीरे टूटने लगी। भारतीयों में हिंदी के प्रति संकुचित धीरे-धीरे समाप्त होने लगा है। कवि ने इसी प्रकार की अभिव्यक्ति करते हुए कहा है-

मेरे अंग्रेजीदाँ हिंदुस्तानी दोस्तों / केवल और केवल इस प्रश्न का उत्तर दो /
सुख में, दुख में, हर्ष या विषाद में जब होते हो / तब किस भाषा में बोलते हो?"[15]

भारत देश भाषाओं और संस्कृतियों का एक खूबसूरत गुलदस्ता है। अलग-अलग भाषाएँ और संस्कृतियाँ, अपने-अपने प्राकृतिक परिवेश और अपनी-अपनी प्रथाओं-परंपराओं के साथ जीवंत हैं। आजादी के पूर्व ये सभी भाषाएँ अपने-अपने विकास के साथ ही संपर्क भाषा के रूप में हिंदी को विशेष महत्व देती थीं। आजादी के बाद की कुत्सित राजनीति के चलते यह वातावरण परिवर्तित होने लगा। राजनीति के चलते भयंकर हिंदी विरोध कुछ राज्यों में प्रश्रय पाने लगा। इसके चलते अनावश्यक ढंग से हिंदी विरोध आरंभ हो गया। जबकि यह बात सर्वविदित है कि हिंदी को महत्त्व देने का अर्थ यह कदापि नहीं है कि अन्य भाषाएँ उससे कमतर हैं बल्कि हिंदी तो वह संपर्क भाषा है, जिसने भाषाओं के गुलदस्ते को एक साथ समेटकर रखा है। उसके इस महत्व को भलीभाँति समझते हैं और इसीलिए कहते हैं -

हम तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयाली हैं /
असमी - मिजो - नागा - मणिपुरी व अरुणाचली हैं
हम मराठी, पंजाबी, गुजराती, कश्मीरी, बंगाली या राजस्थानी हैं
किंतु याद रहे हर वक्त हमें/ सबसे पहले हिंदी और हिंदुस्तानी हैं।"[16]

वस्तुतः विजय कुमार संदेश का कविता संग्रह अंधेरे के विरुद्ध विविधताओं का महकता हुआ खूबसूरत गुलदस्ता है। इस संग्रह में बेहद नरम अंदाज में कवि ने न केवल समाज को आईना दिखाने का काम किया है बल्कि अपनी कविता के माध्यम से बड़े ही खूबसूरत ढंग से संघर्ष की प्रेरणा भी दी है। बिना किसी प्रकार की कटुता और हिंसा का समर्थन किए कवि ने मोहक अंदाज में पूरे समाज को उदात्त भावों से प्रेरणा दी है, संघर्ष करने की एक विशिष्ट मनोभूमि का निर्माण किया है। अपने इस रूप में यह कविताएँ अत्यंत आकर्षित करती हैं। इसके अतिरिक्त कवि की व्यक्तिगत संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने की दृष्टि से भी अत्यंत विशिष्ट कविताएँ इस संग्रह में सम्मिलित हैं। पूरे समाज को लेकर कवि की जो एक विशेष दृष्टि है, वह इसमें अभिव्यक्त हुई है। अपने जीवन सफर में तमाम ऐसे व्यक्तित्व जिनसे कवि कहीं न कहीं

प्रेरणा पाता रहा है, उनके प्रति भी अपने निजी भावों को कवि ने अभिव्यक्त किया है।

संदर्भः

1. विजय कुमार संदेश - अंधेरे के विरुद्ध, संतुलन, पृष्ठ 48-49; क्लासिकल पब्लिशिंग कंपनी, नई दिल्ली संस्करण 2015
2. वही, पृष्ठ 48-49;
3. वही, पृष्ठ 36 5
4. वही, पृष्ठ 18
5. वही, पृष्ठ 15
6. वही, पृष्ठ 20
7. वही, उजाले का आगाज, पृष्ठ 22-23
9. वही, इतिहास और तुम, पृष्ठ 34;
10. वही, शून्य ने..., पृष्ठ 45;
11. वही, विज्ञान और कविता, पृष्ठ 41
12. वही, युगपुरुषः अम्बेडकर, पृष्ठ 72;
13. वही, माली फूल और फल, पृष्ठ 77
14. वही, क्रांतिवीर मंडेला के प्रति, पृष्ठ 79
15. वही, हिन्दी और हिंदुस्तानी, पृष्ठ 89
16. वही, हिन्दी और हिन्दुस्तानी, पृष्ठ 91

-प्रभारी प्राचार्य एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग

सोनूभाऊ बसवंत महविद्यालय, शहापुर (महाराष्ट्र)

Impact Factor - 5.67

E- ISSN 2582-5429

AKSHARA

Multidisciplinary Research Journal
Peer-Reviewed & Refereed International Research Journal
July 2022 Special Issue 06 Volume I

S.B. COLLEGE OF ARTS AND COMMERCE SHAHAPUR 1984

Akshara Publication

Chief Editor : Dr. Girish S. Koli, AMRJ
For Details Visit To - www.aimrj.com

E- ISSN 2582-5429
AMRJ
Akshara Multidisciplinary Research Journal
Peer-Reviewed & Refereed International Research Journal
July 2022 Special Issue 06 Volume I
SJIF Impact- 5.67

Index

Sr No	Title of the Paper	Author's Name	Pg.No
01	A Study of Impact of Budget 2022 with Respect to Income Tax on the Tax payers of India Bangalore	Ishrath Anjum Geetha R	05
02	Visualization of *Charkha* in the Light of Non-violence : Gandhian Perspective	Dr. Yash Jain	10
03	Role of Women in Indian Freedom Struggle	Dr. Anil kumar Shrivastava	14
04	MYP Interdisciplinary Teaching and Learning	Dr. Deepika Rai	18
05	Conservation Type and Biodiversity a Significant System	Dr. Sunil Kumar Verma	22
06	Teacher Education: Quality Assurance and Its Indicators	Sunita Yadav	28
07	The New Emerging Trends in Higher Education	Dr. Dashrath D. Kamble	33
08	Understanding Marxism for Today and Tomorrow	Dr. Suryawanshi Parmeshwar Lakshmanrao	38
09	An Analysis of The Challenges faced by Unorganized Workers during the Covid-19 Lockdown in India	Dr. Mrs. Sangita S. More	42
10	The Unprecedented Colonial Architecture of Bundelkhand Region St. Peters Church -1840	Shireen Comfort	46
11	Purulia Chhau Dance: A Talk of Masked Folk	Manohar Kumar	52
12	थूथुकुड़ी : गुलामी से मुक्ति की दास्ताँ	डॉ. मधुलिका बेन पटेल	57
13	प्राचीन शिक्षा पद्धति की वर्तमान युग में प्रासंगिकता: नैतिक मूल्यों के संदर्भ में	डॉ. मोहिन्दर नाथ शर्मा	60
14	दलित आत्मकथा के अनुवाद की आवश्यकता	नर्मदा संजयसिंह ठाकुर	65
15	प्रेमचंद के उपन्यासों में गांधी दर्शन	मुजावर जैनु हमिद	70
16	कोल समाज के युवाओं में बढ़ती मद्यपान की प्रवृत्ति (सतना जिले के अमरपाटन तहसील के विशेष संदर्भ में)	संजय कुमार चौरसिया डॉ.विनोद कुमार रस्तोगी	72
17	छत्तीसगढ़ प्रांत के गोंडी लोकगीतों में निहित प्राकृतिक तत्त्व	रीना गोटें / डॉ.देशबंधु तिवारी	76
18	हिंदी के महिला उपन्यासकारों के उपन्यासों में चित्रित आत्मनिर्भर स्त्री	डॉ. रेशमा नदाफ	80
19	बाल अपराध के बदलते प्रतिमान	अमित कुमार सिंह डॉ. राजेश त्रिपाठी	85
20	राजनीतिक बदलाव में दलित साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका	डॉ. भारती वळवी (वाघ)	89
21	इनसोम्निया (अनिद्रा) पर योग का प्रभाव	शगुन डॉ. सुनील कुमार श्रीवास	92
22	वैश्वीकरण के दौर में मीडिया	प्रोफेसर अधीर कुमार, राकेश कुमार	96
23	शरद जोशी के प्रशासकीय सन्दर्भों पर आधृत व्यंग्य की प्रासंगिकता	डॉ. संतोष विजय येरावार डॉ. संदीप श्रीराम पाईकराव	100

AMRJ
Akshara Multidisciplinary Research Journal
E- ISSN 2582-5429
Peer-Reviewed & Refereed International Research Journal
July 2022 Special Issue 06 Volume I
SJIF Impact- 5.67

07 The New Emerging Trends in Higher Education

Dr. Dashrath Dnyandev Kamble,
Assistant Professor, Department of English,
Sonubhau Baswant College of Arts and Commerce Shahapur Dist. Thane (Maharashtra)

Abstract:
*There is an emergence of new trends in all sectors in the world and the educational industry is not an exception to it. Teachers', students' and their parents' expectations, and educational institutions are in a changing rapidly. The change in teaching-learning is a demand of the present age. This research paper focuses on 'The New Emerging Trends in Higher Education.' The teaching-learning process in education has been very much influenced by the evolution of computer, internet, and multimedia educational technologies. Many educational institutions are trying to use different strategies to develop educational infrastructure to provide the best learning experience to the students because there is an emergence of new trends in education. Majority of students have android mobile phones loaded with huge internet data pack having wireless headphones and modern software such as Bluetooth, Wi-Fi, YouTube, WhatsApp, Google Chrome, Zoom app, Google Meet, Microsoft Team, phonepe, paytm, etc. The virtual reality in teaching-learning helps the students to experience the subject with better understanding to retain the knowledge as long as they can. The new trends in higher education are becoming popular in the 21st century. These emerging trends are - outcome-based education, **focus on skill development, artificial intelligence based proctoring in examination management and assessment system,** digital library, digitized smart campus, virtual reality, and **online education. The students love the new trends in education like bite-sized learning, personalized learning, increasing wellness programs, and flexible seating in the class etc. Really, the new trends in higher education are very useful for the students in this modern age.***

Key words: technologies, teaching-learning, understanding, digital, computer, internet, and virtual reality

Introduction:

There is a drastic change in the world in its different spares due to scientific inventions, climate change, and manmade or natural calamities. Every year, there is an emergence of new trends in all sectors in the world and the educational industry is not an exception to it. Teachers, students' and their parents' expectations, and educational institutions are in a changing rapidly. There is an emergence of new educational technology, smart teachers, and students having technological knowledge. Now education is in transition form due to changing demands and needs of the present generation students. Available modern educational technology made a great impact on students' perspective on education. The students and society demand outcome based learning. So, there is an emergence of new trends in teaching-learning process in education. The change in teaching-learning is a demand of the present age. Teachers, syllabus, and educational institutions must change rapidly using new trends in teaching-learning process as per the expectations of the students. Even COVID-19 pandemic has made a tremendous impact on teaching-learning process in education. So with the availability of digital teaching infrastructure, the teaching-learning trends are completely changed in the present age.

The New Emerging Trends in Higher Education:

The teaching-learning process in education has been very much influenced by the evolution of computer, internet, and multimedia technologies. The modern educational

Reg. No. 124726035RC0001 ISSN : 2562-6086

पुस्तक भारती रिसर्च जर्नल



October-December 2022
Pustak Bharati, Toronto, Canada

पुस्तक भारती रिसर्च जर्नल
PUSTAK BHARATI RESEARCH JOURNAL
A Peer Reviewed Journal

त्रैमासिक शोध पत्रिका
वर्ष- 4, अक्टूबर –दिसंबर, 2022, अंक – 4

प्रधान संपादक : डॉ. रत्नाकर नराले
सह संपादक : डॉ. राकेश कुमार दूबे

रिव्यू कमेटी
डॉ. प्रो. तंकमणि अम्मा, तिरुवनन्तपुरम्
प्रो. हेमराज सुंदर, मारीशस
डॉ. करुणाशंकर उपाध्याय, मुंबई
प्रो. डॉ. शांति नायर, केरल
डॉ. सिराजुद्दिन नुर्मतोव, उजबेकिस्तान
प्रो. दक्ष्य मिस्त्री, बड़ोदा
प्रो. कृष्ण कुमार मिश्र, मुंबई

संपादक मण्डल
प्रो. सोमा बंद्योपाध्याय, पश्चिम बंगाल
प्रो. अरुणा सिन्हा, वाराणसी
प्रो. विनोद कुमार मिश्र, त्रिपुरा
प्रो. उमापति दीक्षित, आगरा
प्रो. उपुल रंजीथ हेवावितानागामगे, श्रीलंका
डॉ. मैरम्बी नुरोवा, ताजिकिस्तान
प्रो. दर्शन पाण्डेय, दिल्ली

परामर्श मण्डल
डॉ. तुलसीराम शर्मा, कनाडा
डॉ. मनोज कुमार पटैरिया, नई दिल्ली
डॉ. एन. के. चतुर्वेदी, जोधपुर
प्रो. नीलू गुप्ता, अमेरिका
डॉ. मृदुल कीर्ति, आस्ट्रेलिया
प्रो. कमलेश शर्मा, कोटा

संरक्षक मण्डल
डॉ. यशवंत पाठक, अमेरिका
श्री रतन पवन, अमेरिका
श्री पंकज पटेल, अमेरिका

पत्रिका का मूल्य / सदस्यता राशि संस्था के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मंगारी के खाता संख्या 5144696109 (IFSC: CBIN0281306) में जमाकर उसकी सूचना मेल या नं. +91-7355682455 पर दें।

अनुक्रमणिका

संपादकीय
1. राष्ट्रीय एकीकरण में हिन्दी की भूमिका — 1
डॉ. पवन अग्रवाल
2. राजभाषा हिन्दी बनाम जनभाषा हिन्दी — 7
डॉ. प्रकाश उदय
3. काशी नागरीप्रचारिणी सभा : हिंदी की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय प्रचारक संस्था — 15
डॉ. राकेश कुमार दूबे
4. वैश्विक स्तर पर हिन्दी की स्वीकृति एवं व्याप्ति — 23
प्रो. दिविक रमेश
5. विदेशों में हिन्दी का विकास — 30
डॉ. निशा झा
डॉ. राम कृष्ण झा
6. विदेशों में भारतीय संस्कृति की संवाहक हिंदी : मॉरीशसीय संदर्भ में — 36
डॉ. अलका धनपत
7. हिंदी का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्वरूप — 41
पैड़ाला रवींद्रनाथ
8. ताजिकिस्तान में हिंदी का गठन और विकास — 45
डॉ. मैरम्बी नुरोवा
अलिख़ान लतिफोव
9. ऑस्ट्रेलिया में हिन्दी के प्रचारक : डॉ. दिनेश श्रीवास्तव — 51
मृदुला कक्कड़
10. हिंदी के वैश्विक विकास में प्रौद्योगिकी-अनुवाद का योगदान — 56
प्रो. (डॉ.) अर्जुन चव्हाण
11. विश्व हिंदी सम्मेलन : उपलब्धियाँ और प्रासंगिकता — 65
प्रो.(डॉ.) एस. तंकमणि अम्मा
12. संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी के लिए प्रयास — 72
सुशील कुमार राम
13. विश्वभाषा की ओर अग्रसर हिंदी — 78
डॉ. अनिल सिंह
14. समकालीन भाषा, साहित्य और तकनीक — 82
डॉ. सत्यनारायण स्नेही

* प्रत्येक शोध-पत्र में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं। संपादक मंडल का उससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

13

विश्वभाषा की ओर अग्रसर हिंदी

डॉ. अनिल सिंह

'संस्कृति' को भाषा की विकसित अवस्था का द्योतक कहां जा सकता है। मनुष्य के रहन-सहन और बोली भाषा के कारण ही संस्कृति फलीभूत होती है। मानव जिस भौगोलिक परिवेश और प्रकृति के सानिध्य में जैसे- जैसे विचरण करता है, वैसे-वैसे उसकी बोली और भाषा निखरने लगती है। विविध बोलियों और भाषाओं को विकसित करने में धर्म के आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक स्वरूपों की अहम् भूमिका रही है। जैसा कि हम सब जानते हैं कि अपनी सहजता, सरलता, ज्यादा से ज्यादा प्रयोग और व्यवहार में आत्मसात किए जाने के कारण बोधगम्यता व संप्रेषणीयता में सहज ही गहरी छाप छोड़ जाती है। बोली और भाषा ही वह सेतु है जो आस-पड़ोस से लेकर देश-विदेश तक जोड़ लेता है। निरंतर परिवर्तनशील होने के परिणामस्वरुप भाषा में हमें भिन्नता दिखलाई पड़ती है। इसीलिए भाषा के संदर्भ में कहा गया है "भाषा वह नीर के समान है जो अपनी संप्रेषणीयता और सहजता के चलते ही लोगों पर अपनी अमिट छाप छोड़ देती है। डॉ. भोलानाथ तिवारी की मान्यता है, "भाषा, उच्चारण अवयव से उच्चारित यादृच्छिक ध्वनि-प्रतीकों की वह व्यवस्था है जिसके द्वारा एक समाज के लोग आपस में भावों और विचारों का आदान प्रदान करते हैं।"[1] अतः मानव समाज का प्रत्येक व्यवहार एवं कार्य भाषा द्वारा ही संपन्न होता है।

मानव के विकास एवं प्रगति में भाषा का महत्वपूर्ण स्थान है। किसी ने कहा भी है "यह समस्त संसार अंधकार में लिपटा रहता, यदि शब्दों की ज्योति से दीप्त न होता।" साहित्य और संस्कृति को भली-भांति आत्मसात करने हेतु भाषा का गहन अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था एक तरह से भाषा ही है। "कोई भी भाषा प्रौढ़, परिनिष्ठित या साहित्यिक रूप ग्रहण कर लेने के उपरांत स्थिर होने लगती है और उसका अंतिम रूप निश्चित सा हो जाता है, पर उसी समय उसको जो रूप सामान्य बोलचाल के लिए प्रयोग में चल रहा होता है, उसका प्रवाह व्यापक होने लगता है। उसके प्रवाह में कोई अवरोध उत्पन्न नहीं होता और वह किसी पहाड़ी नदी की तरह अविच्छिन्न रूप से अपनी अपनी सहवर्ती बोलियों या आगंतुक भाषाओं के शब्द भंडार से ताल-मेल बिठा कर निरंतरता बनाए रखता है।भाषा के रूप स्थिर हो जाते हैं, पर भाषा अनंत होती है।"[2]

भाषा मात्र संप्रेषण का ही साधन नहीं है बल्कि मानवीय संवेदना की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। व्यक्ति के रहन-सहन, बात व्यवहार और संस्कार उसके बोली और भाषा से जानी जाती है। मानव के विकास और प्रगति में भाषा की अहम भूमिका होती है। भाषा ही वह अपूर्व शक्ति है जो सहस्त्रों वर्षों से प्रवाहमान है। आंतरिक ऊर्जा से निष्पन्न होने के कारण ही प्रतिकूल स्थितियों में भी इसके प्रयोग और महत्व रूपी प्रवाह को बाधित नहीं किया जा सकता। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी होने के नाते अपनी भावनाओं और जरूरतों को पूर्ण करने हेतु जिन भाषा संकेतों को अपनाने लगता है धीरे-धीरे आगे चलकर वही अभिव्यक्ति का एक मानक रूप में जाने जानी लगती है। डॉ. लक्ष्मीकांत पांडे ने भी भाषा की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा है "भारत के विभिन्न प्रांतों में विभिन्न भाषाओं के बोलने वाले पाए जाते हैं, फिर भी ऐसा नहीं है कि वह एक-दूसरे से अपरिचित है। कहीं न कहीं से किसी न किसी रूप में जैसे मानव-मानव का संबंध है, वैसे एक भाषा का दूसरी भाषा के साथ होता है और यही भाषा जब जनसंपर्क की भाषा बन जाती है तो हमारे सारे क्रिया-कलाप उसी भाषा में संचालित होने लगते हैं।"[3] अतः भाषा अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम ही नहीं अपितु संदेश संवाहक का भी कार्य करता है।

हम देखते हैं कि देश-विदेश में धड़ल्ले से बोली जाने वाली हिंदी भारत संघ की राजभाषा और राष्ट्र की संपर्क भाषा है। आज दोनों ही भाषा का दायित्व गुरुतर है। विकास के कारण संपूर्ण विश्व के देश एक-दूसरे करीब आए हैं कि अब कोई भी भाषा अन्य भाषाओं के शब्दों से परहेज नहीं कर सकेगी। हिंदी अपने देश की

हम देखते हैं कि देश-विदेश में धड़ल्ले से बोली जाने वाली हिंदी भारत संघ की राजभाषा और राष्ट्र की संपर्क भाषा है। आज दोनों ही भाषा का दायित्व गुरुतर है। राजभाषा हो या राष्ट्रभाषा दोनों को ही संवैधानिक मान्यता है। 'हिंदी' में ही व सामर्थ्य ज्यादा दृष्टिगत होता है जो श्रव्यमयता व भाषित शब्दों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट कर एक तरह से हमें नई शक्ति दी है। हम सब इस बात से भली-भांति अवगत हैं कि जिस हिंदी भाषा कि आज हम बात कर रहे हैं, उसका प्रारंभिक रूप एक तरह से मौखिक ही था। जो भावनाओं और अनुभूतियों के एक तरह से मूर्तिमान रूप ही है।

हिंदी के संदर्भ में व्यावहारिक रूप से विचार करते हुए डॉ. विजय कुलश्रेष्ठ ने ठीक ही लिखा है, "भाषा सामाजिक वस्तु है और उस के माध्यम से ही सभी सामाजिक व्यवहार संपन्न होते हैं। यदि भाषा का समाज के विविध कार्यों में उपयोग न किया जाए तो वह भाषा सीमित दिशाओं में ही विकास कर पाएगी। हमारे देश में आधुनिक प्रयोजनों के लिए आज जिस हिंदी को अपनाया गया है, उसके आधार निम्नांकित प्रकार्य है - 'हिंदी एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा है।' 'हिंदी भारतीय भाषाओं के लिए अग्रणी है।' 'हिंदी निजी क्षेत्र में प्रयोजन परक भाषा के रूप में अपनी उपयोगिता सिद्ध करती है।"[4] अतः हिंदी का लक्ष्य स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।

संस्कृत से हिंदी का जन्म होने के नाते ही संस्कृत भाषा से बहुत से शब्दों का हिंदी में आना स्वाभाविक है। जन सामान्य की आवश्यकतानुसार भाषा में शब्दों के नव निर्माण की प्रक्रिया चलती रहती है। राज्यसत्ता के परिवर्तन से भी नए-नए शब्दों का आगमन होता है। अरबी-फारसी अंग्रेजी के शब्द आज हिंदी भाषा में घुल मिल गए हैं, उसके लिए सभ्यता के विकास के साथ-साथ राजनीतिक, सांस्कृतिक भी उत्तरदायी है। भाषागत परहेज के संदर्भ में डॉ.माधव सोनटक्के ने ठीक ही कहा है "जब भिन्न-भाषी राष्ट्र, प्रान्त, जाति या क्षेत्र एक दूसरे के संपर्क में आते हैं तो दोनों ही एक दूसरे से कुछ-न-कुछ शब्द लेते हैं। हिंदी में देशी तथा विदेशी भाषा के कई शब्द आए हैं, आ रहे हैं, वह इसी कारण आज संचार माध्यमों के विकास के कारण संपूर्ण विश्व के देश एक-दूसरे के इतने करीब आए हैं कि अब कोई भी भाषा अन्य भाषाओं के शब्दों से परहेज नहीं कर सकेगी। हिंदी अपने देश की राष्ट्रभाषा है, अतःभारतीय अन्य भाषाओं के शब्द उसमें प्रयुक्त होने सहज नहीं अनिवार्य भी हुआ है।"[5]

हिंदी में ही वह दमखम है जो हिंदुस्तान की राष्ट्रभाषा हो सकती है। हिंदी को ही यह गौरव प्राप्त होना चाहिए। हिंदी अपनी सार्वभौमिकता सरलता, सर्वप्रिय और व्यापकता के कारण ही आदान-प्रदान की दृष्टि से भी सर्वथा उपयुक्त है। इसीलिए हिंदी ही बोलचाल की भाषा होनी चाहिए। भले आज अंग्रेजी शिक्षण संस्थाएं जोर पकड़ रही है, अन्य भाषा भाषियों के बीच भी उनका बोलबाला बढ़ रहा हो। भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में हिंदी ही बोलचाल की भाषा के रूप में निरंतर सम्मान की दृष्टि से देखी जा रही है। महात्मा गांधी ने भी राष्ट्रभाषा के लक्षणों को इंगित करते हुए कहा था "भाषा वही श्रेष्ठ है इसको जनसमूह सहज में समझ ले। देहाती बोली सब समझते हैं। भाषा का मूल करोड़ों मनुष्य रूपी हिमालय में मिलेगा उसमें ही रहेगा। हिमालय में से निकलती हुई गंगा जी अनंत काल तक बहती रहेगी, ऐसे ही देहाती हिंदी का गौरव रहेगा और जैसे छोटी सी पहाड़ी से निकला हुआ झरना सूख जाता है वैसे ही संस्कृतमयी तथा फारसीमयी हिंदी की दशा होगी।"[6]

प्रौद्योगिकी की दृष्टि से ही नहीं हिंदी आंतरिक शक्ति से अर्थात हर दृष्टि से एक समृद्ध भाषा है। हिंदी का प्रयोग करने वालों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती ही जा रही है। जिस भाषा का व्याकरण विज्ञान-सम्मत होगा और जिस भाषा की लिपि कंप्यूटर की लिपि होगी, वही भाषा संपूर्ण विश्व में लोकप्रियता और ख्याति प्राप्त करेगी। भारत में निजीकरण की प्रक्रिया आरंभ होने के बाद जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाषाई वर्चस्व की रक्षा करने की चिंता हुई, ऐसे में एक बार लगा कि जैसे हिंदी फिर पिछड़ जाएगी क्योंकि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में अंग्रेजी को विस्थापित करना बल्कि इसके बारे में सोचना भी असंभव था। परंतु अपनी भाषायी गरिमा की रक्षा हेतु उस प्रतियोगिता की होड़ में अपने को योग्य प्रतिद्वंदी के रूप में

उपस्थित करना जरूरी हो जाता है। भाषा यदि परिस्थितियों के मुताबिक अपना विकास नहीं करेगी तो निश्चित तौर पर वह धीरे-धीरे समाप्त होने की ओर बढ़ जाएगी और हिंदी जैसी समृद्ध भाषा, जिसने कि हजारों वर्षों में अपने इस रूप को प्राप्त किया है और वह समर्थ है, कि किसी भी तरह की परिस्थितियों में वह अपने को ढाल

संप्रेषणीय होने के नाते हिंदी न केवल बोल
है बल्कि उसे लोकप्रिय भाषा का दर्जा भी
हिंदी अब न केवल भारत की राष्ट्रभा
विश्वभाषा की अधिकारिणी है। वैश्विक स्तर
भविष्य को निखारने और संवारने हेतु समयानुकूल उन
रूपों में ढलना होगा। भूमंडलीकरण के इस दौर में हिंदी

उपस्थित करना जरूरी हो जाता है। भाषा यदि परिस्थितियों के मुताबिक अपना विकास नहीं करेगी तो निश्चित तौर पर वह धीरे-धीरे समाप्त होने की ओर बढ़ जाएगी और हिंदी जैसी समृद्ध भाषा, जिसने कि हजारों वर्षों में अपने इस रूप को प्राप्त किया है और वह समर्थ है, कि किसी भी तरह की परिस्थितियों में वह अपने को ढाल सकती है। इन्हीं संदर्भों को हमारे सामने रखते हुए डॉ. मणिक मृगेश लिखते हैं, "भले ही आपकी कंपनी का निजीकरण हो जाए, लेकिन यदि आपने अपने को ऑलराउंडर बना लिया है तो आपका कुछ नुकसान नहीं होगा। समयानुकूल हमें अपने को परिवर्तित करना होगा।..... हिंदी से जुड़े लोगों को हिंदी विभाग के साथ-साथ मानव संसाधन व मानविकी विभागों के कामकाज में दक्ष होते रहना पड़ेगा। फिर आपका कोई भी निजीकरण बाल बांका नहीं कर पाएगा। आप कह सकेंगे कि हमें कोई भी विभाग सौंप दिया जाए, करेंगे।..... इसलिए निजीकरण से डरने की कोई बात नहीं है। निजी क्षेत्रों में भी भविष्य उज्जवल है।"7 कहने का अर्थ यह है की दुनिया में परिवर्तन एक निश्चित नियम है और इस परिवर्तन के साथ-साथ खुद को समायोजित करना और उसके लिए अपने को तैयार करना जरूरी प्रक्रिया का हिस्सा है। हमें भी इस बात का ध्यान रखना होगा। यह न केवल अपने अस्तित्व के लिए आवश्यक है बल्कि भाषाई अस्मिता को व्यापक बनाने के लिए भी जरूरी है।

हिंदी एक पुरानी भाषा ही नहीं बल्कि जीवंत भाषा है। उसकी जड़ें काफी गहरी है और धरा में काफी दूर तक फैली हुई है। कोई भी भाषा बोलचाल में ज्यादा से ज्यादा प्रयोग लाए जाने पर ही निखरती है। कुछ लोग भली-भांति हिंदी जानते हैं, समझते हैं, पढ़ते लिखते हैं, इसके बावजूद भी आपस में मिलने पर हिंदी में बोलना अपना डिवैल्यूवेशन समझते हैं। भले ही गलत सही अंग्रेजी में बात करेंगे, मानो अंग्रेजी में बात करना एक तरह से स्टेटस समझते हैं। हिंदी के प्रति ऐसी धारणा रखने वालों की सोच एक तरह से हिंदी के प्रति उनकी कुंठित मानसिकता को उजागिर करता है।

अपनी वैज्ञानिक लिपि, सरलता, सहजता और संप्रेषणीय होने के नाते हिंदी न केवल बोलचाल की भाषा है बल्कि उसे लोकप्रिय भाषा का दर्जा भी प्राप्त हो रहा है। हिंदी अब न केवल भारत की राष्ट्रभाषा है अपितु विश्वभाषा की अधिकारिणी है। वैश्विक स्तर पर हिंदी के भविष्य को निखारने और संवारने हेतु समयानुकूल उन रूपों में ढलना होगा। भूमंडलीकरण के इस दौर में हिंदी को अपनी खुशबू और स्वाभिमान को बनाए रखने हेतु तत्पर रहना होगा। वैश्विक स्तर पर जिनका संबंध सीधे-सीधे बाजार से है वह भी अब मजबूरन हिंदी की शिक्षा दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वही भाषा टिक सकती है जिसकी सामाजिक, सांस्कृतिक भाषा के साथ-साथ धर्म तथा दर्शन भी सशक्त हो तभी वह गैर समूह को खींच पाने में पूर्णत: सफल हो सकेगी। उक्त सभी वैशिष्ट्य हिंदी में परिलक्षित होता है। इसी का परिणाम है कि आज विश्व के अन्य देशों में हिंदी बोली, समझी और पढ़ी जा रही है। संचार माध्यमों और हिंदी फिल्मों व संगीत की भूमिका भी हिंदी को लोकप्रियता प्रदान करने में महत्वपूर्ण रही है। फिजी, त्रिनिदाद, गयाना, मॉरीशस, सूरीनाम आदि देशो ने हिंदी को अपनाया है। वही अमेरिका कनाडा, सिंगापुर ब्रिटेन, फ्रांस, नेपाल, चीन, जापान, कोरिया आदि देशों के रह रहे अप्रवासी भारतीय अपनी भाषा और संस्कृति का छोड़ नहीं पाए हैं। आज भी हिंदी को विश्व भाषा बनाने का वास्तव में मुख्य श्रेय यदि किसी को दिया जाना चाहिए तो वे है - प्रवासी भारतीय।

आज भी भारत के इलाहाबाद, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, दिल्ली आदि विश्वविद्यालयों में अन्य देशों के विद्यार्थी यहां हिंदी पढ़ने के लिए आया करते हैं। विश्व मंच पर हिंदी की अहम भूमिका है। दुनिया का शायद ही कोई कोना बचा हो जहां हिंदी न पहुंची हो। वैसे भी हिंदी के बिना आब किसी की भी दाल गलने वाली नहीं है। हिंदी के बिना हमारा कोई भी कार्य संपन्न नहीं हो पाएगा। आज हिंदी पूरे विश्व में सर्वाधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। हिंदी हमारी जान, मान और सम्मान ही नहीं बल्कि 'हिंदी' हमारी अस्मिता की एक विशिष्ट पहचान है। हिंदी भाषा भारत का अस्तित्व ही नहीं बल्कि उसकी एक लंबी और समृद्ध परंपरा है। हिंदी

में ही समूचे विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' के सूत्र में बांधे रखने की शक्ति है तो वह हिन्दी में ही है। इस प्रकार कहा परिस्थितियों में उसने अपनी उपयोगिता और जीवतता को बनाए रखा है। हिन्दी बोलने वालों की संख्या दिन पर

में ही समूचे विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' के सूत्र में बांधे रखने की शक्ति है तो वह हिन्दी में ही है । इस प्रकार कहा जा सकता है विभिन्न भाषाओं की समृद्धि के बावजूद हिंदी भाषा का रथ जिस गति से बढ़ रहा है निश्चित ही आने वाले दिनों में विश्व भाषा के रूप में जानी जाएगी।

अनेकता में एकता का नारा बुलंद करने वाले भारत का सांस्कृतिक समन्वय बेजोड़ है। हिन्दी के माध्यम से ही वैश्विक स्तर पर भी भारतीय संस्कृति अपनी आभा फैलाये हुए हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि हिन्दी स्वयं में विश्व सम्माज को समाहित किए हुए है।

आज का युग सूचना क्रांति का युग है और ऐसे समय में बहुत सारी वैश्विक स्थितियां बदल रही हैं। चाहे संस्कृति हो या भाषा, भारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। ऐसे समय में हिंदी को यदि सर्वसम्मत ढंग से आगे बढ़ाना है तो कुछ बातों का ध्यान रखा रखना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। इन्हीं आवश्यकताओं पर बल देते हुए डॉ. हरिमोहन लिखते हैं, "जहां तक हिंदी का प्रश्न है सूचना युग में हिंदी भाषा अपनी जगह बना रही है। सूचना-क्रांति के इस युग में कोई भी भाषा, संक्षेप में कहें तो, 'विश्व भाषा' उसी स्थिति में बन सकती है, जब वह (1) नित नई प्रौद्योगिकी के साथ चल सके, (2) तकनीकी और पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण कर सकें, नई शब्दावली को ग्रहण कर उसका प्रयोग बेहिचक कर सके, (3) इतनी लचीली हो कि तमाम तरह के संरचनात्मक एवं अर्थों के दबाव को झेल सके, (4) इतनी सामर्थ्यवान हो कि दुनिया भर के परिवर्तनों से टूटे-बिखरे और मरे नहीं; जीवंत बनी रहकर उन परिवर्तनों को आत्मसात कर सके, (5) मशीन और मनुष्य के बीच सहजतापूर्वक संबंध स्थापित कर सके, (6) विश्व की बड़ी आबादी द्वारा प्रयोग में लाई जा सके।"

इस तरह हिंदी का भविष्य उज्जवल है। हिंदी में समय के साथ चलने की सामर्थ्य है, उसमें लचीलापन कितना है, यह तो हम सभी जानते हैं। कठिन से कठिन परिस्थितियों में उसने अपनी उपयोगिता और जीवंतता को बनाए रखा है। हिन्दी बोलने वालों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती ही जा रही है। हिन्दी का प्रयोग और व्यवहार निश्चित ही हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में स्थापित करने के लिए सतत गतिशील है । आज कंप्यूटर क्रांति के दौर में वह कंप्यूटर के अनुरूप भाषा भी बन चुकी है और विश्व के कई देशों में इसका प्रयोग हो रहा है। इस तरह हम कह सकते हैं कि यह हमारे लिए अत्यंत सुखद है कि हिंदी विश्व भाषा बनने के पथ की ओर अग्रसर है।

संदर्भ:

1. भोलानाथ तिवारी, भाषा-विज्ञान, किताब महल, इलाहाबाद, सं 2012 पृ. 4
2. हरिश्चंद्र पाठक, हिंदी भाषा इतिहास और संरचना, तक्षशिला प्रकाशन, दिल्ली, सं 2017, पृ. 13
3. लक्ष्मीकांत पाण्डेय, संचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग, ज्ञानोदय प्रकाशन, कानपुर, सं 1999, पृ. 1
